09.01.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल जयपुर में राजस्थान पुलिस के दस हजार नवनियुक्त कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद किया–कहा पिछले दो सालों में स्वास्थ्य का बुनियादी ढांचा मजबूत किया गया।
- मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा–राज्य सरकार सरकारी क्षेत्र में 4 लाख और निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने पूर्व मंत्री महेश जोशी के खिलाफ मुकदमा चलाने को स्वीकृति दी।

000

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल राजस्थान पुलिस के दस हजार नवनियुक्त कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे यह जानकारी पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन के दूसरे दिन आज मीडिया को सम्बोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को और अधिक जन–उपयोगी बनाने के लिए विभिन्न राज्यों की बेहतरीन कार्य कार्यप्रणालियों पर चर्चा की गई है। सम्मेलन में साइबर अपराध और बड़े आयोजनों के प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने प्रस्तुतीकरण दिए। श्री शर्मा ने बताया कि युवाओं को पुलिस की कार्यशैली से अवगत करवाने के लिए युवाओं को थानों का भ्रमण करवाया जायेगा

000

इस बीच मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज राजस्थान पुलिस एकेडमी पहुंचकर नव आरक्षक नियुक्ति समारोह की तैयारियों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। गौर तलब है कि कल आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे।

000

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय आईईडी डेटा प्रबंधन प्रणाली–एनआईडीएमएस का शुभारंभ किया। उन्होंने इस प्रणाली को आईईडी रोधी और आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

000

श्री शाह ने कहा कि इस प्रणाली से एजेंसियों के बीच आंतरिक समन्वय और बेहतर होगा। गृह मंत्री ने कहा कि एनआईडीएमएस देशभर में आतंकवाद रोधी दस्ता इकाई, पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को ऑनलाइन डाटा तक पहुंचने और उसके उपयोग में सक्षम बनाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि चिकित्सा और स्वास्थ्य मानवता की सेवा से जुड़ा विषय है और इसे आगामी बजट में विशेष प्राथमिकता दी जायेगी। श्री शर्मा आज जयपुर में मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे।

श्री शर्मा ने कहा कि पिछले दो सालों में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किये है और आगे भी स्वास्थ्य के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाया है। जिससे गांव–ढाणी तक प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क उपचार मिल रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि बजट पूर्व संवाद मे स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों के सुझावों को शामिल कर प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ करवायी जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों को आगामी बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर तथा मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि माहेश्वरी समाज देश के विकास और समाज सेवा में अग्रणी रहा है। आज जोधपुर में माहेश्वरी समाज के वैश्विक सम्मेलन के शुभारंभ के अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि जनसंख्या कम होने के बावजूद माहेश्वरी समाज की प्रतिष्ठा बहुत अधिक है और यह हर शोषित वर्ग की मदद के लिए सदैव तत्पर रहता है।

000

इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि माहेश्वरी समाज ने शिक्षा और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया है।

000

इस सम्मेलन में 27 देशों के करीब 40 हजार प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में कल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे।

000

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने आज नई दिल्ली में क्रिएटर्स कॉर्नर का शुभारंभ किया। प्रसार भारती द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रचनात्मक सामग्री को प्रदर्शित करना और इसे बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक करोड़ युवाओं को अर्थव्यवस्था से जोड़ना है।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। आज जयपुर में कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य में सरकारी क्षेत्र में 4 लाख और निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार सृजित करने के संकल्प पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्रदेश की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों—आईटीआई को उद्योगों के साथ जोड़ने के निर्देश दिए। वी. श्रीनिवास ने बताया कि इससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारी मिल सकेगी। बैठक में आईटीआई को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित करने और संस्थान प्रबंधन समितियों को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

000

राइजिंग राजस्थान समिट के दौरान हुए निवेश समझौते अब जमीन पर उतरने लगे हैं। सरकार द्वारा जारी एक बयान में आज बताया गया कि कृषि, स्वास्थ्य और खनन जैसे क्षेत्रों में हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम शुरू होने वाला है। कृषि क्षेत्र में सात हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से भंडारण और प्रसंस्करण का ढांचा मजबूत होगा। चिकित्सा और आयुष क्षेत्र में 12 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं से अस्पतालों की क्षमता और सुविधाओं में सुधार होगा। इसी तरह खनन क्षेत्र में 33 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 30 परियोजनाओं के शुरू होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पूर्व मंत्री महेश जोशी के विरुद्ध अभियोजन चलाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। राज्यपाल ने यह मंजूरी जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत प्रथम दृष्टया अपराध प्रमाणित होने पर दी है। राजभवन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, श्री जोशी के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में मामला चलाने के लिए भारतीय संविधान और आपराधिक कानून के तहत यह अनुमति दी गई है।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आज झालावाड़ में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता विष्णु चंद गोयल को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी अभियंता को परिवादी से 84 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। एसीबी के अनुसार, आरोपी ने बकाया बिल पास करने और काम जारी रखने की एवज में मोबाइल की मांग की थी।

000

वर्ष 1971 में हुए भारत–पाक युद्ध में सिक्ख रेजीमेन्ट के शहीद लांस नायक जनरैल सिंह को बांग्लादेश सरकार की ओर से लिबरेशन वॉर ऑनर से सम्मानित किया गया है। ये सम्मान बांग्लादेश की ओर से सिक्ख रेजीमेन्ट सेंटर को अक्टूबर 2018 में भेजा गया था। किन्तु किन्हीं कारणों से ये शहीद के परिवार तक नहीं पंहुच पाया। अब इस साल जनवरी के पहले सप्ताह में ये सम्मान शहीद के परिजनों तक पंहुचाया गया है। गौरतलब है कि श्रीगंगानगर के अनूपगढ के पथरोडा गांव के निवासी लॉस नायक जनरैल सिंह जम्मू में पाकिस्तानी सेना का सामना करते हुए दिसम्बर 1971 को वीरगति को प्राप्त हो गये थे।

0000

सेना दिवस परेड को लेकर आज जयपुर में फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। जगतपुरा स्थित महल रोड पर हुई रिहर्सल से पहले सेना के बैंड ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी। रिहर्सल के दौरान भारतीय सेना की विभिन्न शक्तियों, आधुनिक तकनीक और स्वदेशी क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। रिहर्सल की शुरुआत गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित अधिकारियों द्वारा परेड कमांडर को सलामी देने के साथ हुई।, परमवीर चक्र, अशोक चक्र और महावीर चक्र से सम्मानित अधिकारियों ने परेड का नेतृत्व किया इसके बाद आर्मी बैंड और घुड़सवार दस्ता कदमताल करते हुए आगे बढ़ा। रिहर्सल के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की झांकी में रोबोटिक डॉग्स और ब्रह्मोस मिसाइल का प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। रिहर्सल में मद्रास रेजिमेंट के जवानों ने शानदार फ्लैग मार्च किया।

000

कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में टाइगर की संख्या बढ़ाने के लिए रणथंभौर टाइगर रिजर्व से 4 वर्षीय एक बाघ को ट्रेंकुलाइज कर मुकुन्दरा टाईगर रिजर्व लाया गया है। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी–एनटीसीए की अनुमति मिलने के बाद आज सुबह ट्रेंकुलाइज कर इस टाइगर को सड़क मार्ग के जरिए कोटा लाया गया। इस टाइगर को शिफ्ट करने के बाद मुकुंदरा में 6 टाइगर हो जाएंगे। गौरतलब है कि मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में पहले से 5 बाघ और बाघिन है।

000

प्रदेश में कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंटो में जयपुर संभाग में कही–कही हलकी बारिश हुई, जिससे सर्दी का असर बढ गया। पिलानी और झुन्झुनू में 4 दशमलव 2 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। कई स्थानों में घना कोहरा और कहीं कहीं शीत दिन दर्ज किया गया। तेज ठंड से लोगों के अलावा पशु पक्षी भी परेशान हो रहे है। पशुपालन विभाग की ओर से तेज सर्दी से पशुओं के बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने तथा तथा पश्चिमी, उत्तरी और पूर्वी भागों में अगले दो–तीन दिन घना कोहरा छाने और शीत दिन की स्थिति जारी रहने की संभावना है।

000